विविधता से परिपूर्ण हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं : सुबोध उनियाल

शाह टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रोद्योगिकी संस्थान बौन में आयोजित विज्ञान दिवस समारोह में प्रतिभाग किया है। उन्होंने युवा प्रतिभाओं को आह्वान किया कि वह देश व दुनिया के सम्मुख उपस्थित विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का समाधान तलाशने के लिए अपने ज्ञान व कौशल का बेहतर इस्तेमाल करें। शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे वन, भाषा, व तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने प्रोद्योगिकी संस्थान बौन में पहुँचकर संस्थान परिसर में इमरजिंग टेक्नालॉजी लैब तथा इंजीनियरिंग वर्कशॉप का लोकार्पण करने के साथ ही अमर बलिदानियों की स्मृति को संजोने के लिए बनाई गई शौर्य दीवार का अनावरण किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री उनियाल ने विज्ञान दिवस कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विविधता से परिपूर्ण हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कार्यक्रम में विधायक सुरेश चौहान, वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) ओंकार सिंह, प्रोद्योगिकी संस्थान बौन के प्रभारी निदेशक प्रो. एच.एस. भदौरिया, डीएफओ उत्तरकाशी डीपी बलूनी, डीएफओ टिहरी डैम वन प्रभाग साक्षी रावत, डीएफओ भूमि संरक्षण वन प्रभाग गंगा बुडलाकोटी, उप जिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा भी उपस्थित रहे।